


हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर


## खबर संक्षेप

### नल्लामल्ला जंगल में माओवादियों की गुप्त बैठक

**जगदलपुर।** नक्सलियों के लगातार आत्मसमर्पण के बीच शीर्ष नक्सलियों की गोपनीय बैठक तेलगांना स्थित नल्ला मल्ला के जंगल में होने की खबर है। विशेषकर कमजोर हो रहे नक्सल सगंठन दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी में बदलाव करने की खबर है। इस गोपनीय बैठक में सीसी मेंबर देवजी के अलावा मिलिट्री बटालियन चीफ बारसे हिड़मा, देवा समेत अन्य शीर्ष नक्सलियों के शामिल होने की खबर है। बताया जा रहा है कि इस हाईलेवल मिटिंग में कई गंभीर विषयों में चर्चा किए जाने की खबर है। विशेषकर कमजोर पड़ रहे संगठन व शीर्ष नक्सलियों के हथियार समेत समर्पण को लेकर विस्तृत चर्चा किए जाने की खबर है। इस बैठक में कुख्यात माओवादी नेताओं द्वारा दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के पुनर्गठन करने को लेकर चर्चा होने की खबर है। पिछले कुछ महीनों में छग समेत महाराष्ट्र में पोलित ब्यूरो व सीसी मेंबरों के शीर्ष माओवादी लीडरों के मारे जाने व आत्मसमर्पण के बाद संगठन की स्थिति कमजोर पड़ी है। सूत्रों का मानना है कि माओवादी संगठन नेतृत्व संकट और आंतरिक मतभेद से जूझ रहा है। पुराने कमांडरों की मौत और नए चेहरों की स्वीकार्यता को लेकर संगठन के भीतर असहमति बढ़ी है। इसे देखते हुए छग व तेलगांना स्टेट के सरहदी क्षेत्र नल्लामल्ला के जंगल में हुई गोपनीय बैठक मे आने वाले समय में माओवादियों की रणनीति के लिहाज से अहम मानी जा रही है।

### बस्तर विकास में रोड़ा बन रहे दलाली और धोखाधड़ी में लिप्त लोग : नवनीत



**जगदलपुर।** बस्तर विकास एवं जनता से जुड़े मुद्दों एवं विषयों को लेकर बचेली में धरना स्थल पर नवनीत चांद ने कहा कि जिला प्रशासन जनता से जुड़े विषयों पर पारदर्शिता से कार्य करें। दलाल किस्म के लोग बस्तर के विकास को रोक रहे हैं और रोजगार के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे हैं। जनहित एवं विकास के मुद्दों को लेकर जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद के संयुक्त नेतृत्व में मोर्चा एवं पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकतार्ओं के साथ नागरिकों की उपस्थिति में धरना प्रदर्शन किया गया। कर्मचारी की मृत्यु पर न्यायिक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने, डीएमएफटी एवं एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा राशि आवंटन की जानकारी को लेकर मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जें एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संभागीय महामंत्री रामनाथ नेगी, दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष रेमो मरकाम कोंडागांव जिला महामंत्री उदय राम भंडारी , सुकमा जिला अध्यक्ष पी प्रसाद राजु,, बस्तर विधानसभा अध्यक्ष नीलांबर भद्रे, चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल, जगदलपुर शहर महामंत्री सुरेश नाग शिशुपाल पोयाम, कुसोर्राम मौर्य, बचेली किरंदुल यूनियन अध्यक्ष लखमा कोहराम,रमेश यादव, जयपाल यादव, हिड़मा पोडियम, सुभाष बिहार, विजय सुहानी, गीता नायक, संतोषी नायक,दिवान नायक, जगदीश नायक,बिमला मरकाम,प्रिया तामो, बकवन मंडल अध्यक्ष नोबी शेष पेज 10 पर

**छठ महापर्व :** गंगामुंडा तालाब में व्रती और परिजन की रही मौजूदगी, घाट को 3100 द्वीपों से किया गया रोशन

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने की मंगलकामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छठ महापर्व की संध्या में सोमवार को शहर के गंगामुंडा तालाब का दृश्य अनुपम रहा। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए हजारों व्रती महिलाएं और श्रद्धालु एकत्र हुए। बांस के बने सुपा में पूजा सामग्री लेकर मातृशक्तियां जल में उतर गईं और गोधूलि बेला में भगवान भास्कर को जल एवं दूध से अर्घ्य अर्पित किया। घाटों पर गूंजते भोजपुरी भजनों और छठ मइया की जय के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। पुरुष सदस्य बांस के बड़े टोकरे में केला, संतरा, गन्ना, शक्करकंद, नींबू, अदरक सहित पूजा सामग्री लेकर पैदल घाट तक पहुंचे। घाट किनारे परिवार की अन्य महिलाएं प्रसाद और दीपक की थाल सजाकर पूजन में लीन रहीं। गंगामुंडा घाट पर तैयारियों की मिसाल दिखी। छठ पर्व के पहले से गंगामुंडा घाट में निगम 20 दिनों से तैयारी में जुटा रहा। महापौर संजय पांडे और निगम स्वच्छता समिति के सभापति लक्ष्मण झा के पहल पर गंगामुंडा तालाब को आकर्षक रूप दिया गया। घाट के मुख्य तट पर रेड कार्पेट, रंगीन रोशनी और साज-सज्जा ने पर्व की गरिमा बढ़ाई। चारों ओर जल पर परावर्तित दीपों की चमक अद्भुत दृश्य बना रही थी। देर शाम को गंगामुंडा तालाब तट पर छठधारी परिवार के द्वारा 3100 द्वीप प्रज्वलित किए गए। जिसे देखने बड़ी संख्या में शहरवासी गंगामुंडा घाट पहुंचे। सुरक्षा के मद्देनजर महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की घाट के चारों ओर तैनाती की गई थी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ के गोताखोरों को भी घाट में मुस्तैद रखा गया। शाम होते ही घाट पर आतिशबाजी ने पर्व के उल्लास को भव्य बना दिया।

- रेड कार्पेट आतिशबाजी सुरक्षा और भक्ति का संगम








### आज उदीयमान सूर्य को देंगे अर्घ्य

सुबह की बेला में फिर उमड़ेगा जनसैलाब,पूर्ण होगा छठ महापर्व। मंगलवार को छठ महापर्व का अंतिम दिन व्रती महिलाएँ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर चार दिन के इस महान पर्व का समापन करेंगी। गंगामुंडा तालाब,दलपत सागर और महादेव घाट पर भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगेगा। प्रशासन ने सुबह की पूजा के लिए प्रकाश,सुरक्षा और साफ-सफाई की व्यवस्था की है। भोर के सूर्योदय के साथ जब व्रती महिलाएं जल में उतरकर सूर्य देव को अर्घ्य देंगी तब आस्था,भक्ति और समर्पण का वह क्षण पूरे शहर को भाव-विभोर कर देगा।

### अन्य घाटों पर भी चली श्रद्धा की लहर

गंगामुंडा तालाब के साथ ही शहर के दलपत सागर और इन्द्रावती नदी के महादेव घाट पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। व्रती महिलाओं ने जल में उतरकर सूर्य देव से परिवार की सुख-शांति,आरोग्य और समृद्धि की कामना की। बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से आए श्रद्धालुओं ने परंपरागत रीति से पूजा-अर्चना किए।









## विकलांग भूजबल के परिवार को मिली मदद महाराज के सेवादारों ने पहुंचाई राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

संत रामपाल महाराज के अनुयायियों ने बस्तर जिले के नगरनार निवासी भूजबल सागर जो जन्म के चार साल बाद से ही विकलांगता से जूझ रहे हैं, को अन्नपूर्णा मुहिम के अंतर्गत राहत सामग्री प्रदान की। परिवार में पत्नी लखमी और पुत्र खगेश्वर हैं। पुत्र सिकलिंग की बीमारी से पीड़ति है और चौथी कक्षा में पढ़ाई कर रहा है।

भूजबल को सरकार से मात्र 500 रुपये मासिक विकलांग पेंशन प्राप्त होती है जबकि पत्नी कभी-कभार मजदूरी कर 2000 रुपये महीने तक कमा लेती हैं। परिवार के पास राशन कार्ड, खेती, पशुधन और बैंक बैलेंस जैसी कोई भी सुविधा नहीं है। वे अपने मामा की जमीन पर बने कच्चे मिट्टी के घर में कठिन परिस्थितियों में जीवन-यापन कर रहे हैं। इस दौरान संत रामपाल महाराज के शिष्य दुष्यंत शेष पेज 10 पर



### अन्नपूर्णा मुहिम वरदान से कम नहीं

ग्राम के एक वरिष्ठ नागरिक ने कहा अन्नपूर्णा मुहिम सिर्फ भूख मिटाने का काम नहीं कर रही, बल्कि यह समाज में करुणा और सहयोग का संदेश दे रही है। संत रामपाल महाराज का संदेश है कि सच्ची पूजा वही है जो मानव सेवा के रूप में प्रकट हो। बस्तर जैसे पिछड़े और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इस मुहिम का विशेष महत्व है। यहां रहने वाले परिवार अक्सर गरीबी और बीमारी से जूझते हैं। ऐसे में अन्नपूर्णा मुहिम उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं।

समाज प्रमुखों की उपस्थिति में परिवार ने फिर से अपनाया सनातन धर्म

## नानगुर में 25 वर्षों बाद एक परिवार की घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिले के नानगुर विकासखंड के ग्राम अलनार में 25 वर्षों से ईसाई बने परिवार के आठ सदस्यों ने पुनः अपने मूल सनातन हिन्दू धर्म में घर वापसी की।यह पहल महारा समाज कचरा पाठी परगना के नेतृत्व में चल रहे घर वापसी अभियान के अंतर्गत की गई। इच्छाबती, नारायण, जयमनी, कंचन, दीपिका, सविता, बनू और कुमारी ने सनातन धर्म में वापसी की। समाज प्रमुख बोले घर वापसी केवल धर्म परिवर्तन नहीं बल्कि अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़ने का संकल्प है। महारा समाज के जिला उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी आकाश कश्यप ने कहा कि समाज का यह अभियान लगातार जारी है। हम अपने समाज के उन शेष पेज 10 पर



### सामूहिक निर्णय से सिडमूढ़ में प्रतिबंध

*धर्मांतरण की रोकथाम के प्रयासों के बीच सिडमूढ़ गांव ने भी सामूहिक निर्णय लेते हुए पादरियों के गांव में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह निर्णय गाँव की एकता, संस्कृति और पारंपरिक आस्था की रक्षा के लिए लिया गया है।*

## पूर्व सरपंच और सचिव पर लगा निर्माण कार्यों में धांधली का आरोप

ग्रामीणों ने जिला और जनपद के सीईओ से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बकावंड

विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत बनियागांव के पंचायत सचिव और पूर्व सरपंच द्वारा शासकीय कार्य में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। वहीं तबादला हो जाने के बावजूद सचिव इस ग्राम पंचायत को छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं। वे दूसरे सचिव को चार्ज देने में आनाकानी कर रहे हैं। इधर पूर्व सरपंच ने घपलेबाजी के लिए सचिव को पूरी तरह जिम्मेदार ठहरा दिया है। उल्लेखनीय है कि बनियागांव के तूफान सिन्हा एवं अन्य ग्रामवासियों द्वारा जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत में मामले की शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया है कि बनियागांव में पूर्व सरपंच भंवर लाल मौर्य और पंचायत सचिव राजेश नाग द्वारा शौचालय निर्माण, मंदिर निर्माण, पाईप लाईन बिछाने आदि कार्यों के लिए प्राप्त राशि का आहरण कर राशि का गबन कर लिया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत वर्ष 2016-17 में 326 परिवारों के लिए शेष पेज 10 पर

- नोटिस मिलने पर पूर्व सरपंच ने सचिव को गड़बड़ी का जिम्मेदार बताया





### नए सचिव को मिला आधा अधूरा प्रभार

*वर्तमान में सचिव राजेश नाग दो ग्राम पंचायतों बनियागांव और ऊलनार के प्रभारी है। इसके बाद जिला पंचायत ने सचिव सोनाधर कश्यप को बनियागांव का अतिरिक्त प्रभार सौंपने का आदेश जारी किया। सोनाधर कश्यप बनियागांव में अपनी जॉइनिंग लेने पहुंचा तो सचिव राजेश नाग ने प्रभार नहीं दिया। चुनाव हुआ सरपंच भी बदल गया फिर शासन के आदेश पर हरे कृष्णा पुजारी को बनिया गांव का सचिव नियुक्त करने का आदेश हुआ। हरे कृष्णा ने आकर जॉइनिंग ली लेकिन उन्हें आधा अधूरा प्रभार ही दिया गया। उन्हें आज तक रोकड़ बही और पिछला कार्यों के कोई दस्तावेज राजेश नाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराए गए हैं।*

### सीईओ ने कॉल रिसीव नहीं किया

*इस संबंध में विकासखंड बकावंड के जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी परमेश्वर कुर्रे से चर्चा करने फोन लगाया गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।*

### सीईओ ने नोटिस जारी कर राशि जमा करने कहा

इस तरह पूर्व सरपंच और सचिव पर ग्रामीणों ने कुल 4 लाख 48 हजार 746 रूपए की गड़बड़ी का आरोप लगाकर अधिकारियों से शिकायत की है। बताया गया कि जांच में आरोप सही पाए गए। इसके बाद जनपद सीईओ ने नोटिस जारी कर कहा है कि राशि का आहरण तो किया गया है किन्तु कार्य स्थल पर कार्य होना और संबंधितों को भुगतान होना नहीं पाया गया है। आहरित एवं अप्रारंभ कार्य की भुगतान राशि ग्राम पंचायत के संबंधित खाते में 7 दिवस के भीतर जमा करवाकर समायोजन करावें एवं इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में राशि का समायोजन नही करवाने एवं संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नही करने की स्थिति में आपके विरूद्ध उक्त राशि के गबन का दोषी मानते हुए पंचायत राज अधिनियम के धारा 92 के तहत वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

**चांदामेटा, छिंदगुर, मुण्डागढ़ एवं कोलेंग में करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण**

## राज्य सरकार का संकल्प है विकास का लाभ हर वर्ग और हर गांव तक पहुंचे : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम चांदामेटा, मुण्डागढ़ एवं कोलेंग में 2 करोड़ 36 लाख की लागत से कई विकास कार्यों की सौगात दी। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम ग्रामीण अधोसंरचना को सुदृढ़ करने और जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किरण देव का जगह जगह क्षेत्र की जनता ने पारंपरिक रूप से स्वागत एवं अभिनंदन किया। वहीं धुरवा नाचा दल अपने विधायक का स्वागत करते कार्यक्रम स्थल तक ले गए ।

- क्षेत्रवासियों ने तिलक चंदन लगाकर किया विधायक का स्वागत



किरण देव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सुशासन की सरकार में मातृशक्ति को विशेष सम्मान मिला है और अब हर गांव में विकास की नई पहचान बनेगी। ग्रामवासियों के मांग के अनुरूप चांदामेटा में 2 किलोमीटर सड़क निर्माण की घोषणा की। जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों के तहत ग्राम पंचायत चांदामेटा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण लागत 10 लाख, प्राथमिक शाला भवन 20 लाख, आंगनबाड़ी भवन 11.69 लाख रुपए व अन्य कार्यों का लोकार्पण किया गया। मुण्डागढ़ पंचायत में प्राथमिक शाला भवन निर्माण का लागत 15 लाख का लोकार्पण किया गया। वहीं कोलेंग पंचायत में आडिटोरियम हाल लागत 19.65 लाख , बाजार शेड 20 शेष पेज 10 पर

### विकास की रफ्तार और तेज होगी

विधायक ने स्पष्ट किया कि महतारी सदन केवल एक भवन नहीं है बल्कि यह महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और नेतृत्व सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो और विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ़्तार और तेज होगी।

### जनता की मांग के अनुरूप विकास

जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे ने कहा सरकार के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र व छत्तीसगढ़ राज्य में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। विधायक के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य लगातार हो रहे हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विद्याशरण तिवारी, गोविंद ईनाणी, जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, उपाध्यक्ष हरिप्रसाद,दरभा मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, गागराराम नाग, संतोष बघेल, लखींधर बघेल,अमल बैस,संरपंच सुखमन नाग,लालूराम, सुखराम बघेल,लाखेदई , एवं धमेंद्र ठाकुर, रामसिंह,दिनेश पांडे,महादेव,पुरा कुंजाम,पांडूराम,मांगु,बुदरा पुजारी,अनंतराम, सीईओ वीरेंद्र बहादुर, डीईओ बलिराम बघेल, बीईओ जगदीश पात्र, सीआरपीएफ के पंकज तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार शिक्षित बेरोजगारों के साथ छल कर रही : ओंकार

**धमतरी।** छग की भाजपा सरकार द्वारा 57 हजार शिक्षक भर्ती की



घोषणा कर अब मात्र 5 हजार शिक्षकों की भर्ती की बात करना प्रदेश के लाखों शिक्षित बेरोजगार युवाओं के साथ एक बड़ा छलावा है। कांग्रेस विधायक ओंकार साहू ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के साथ राजनीतिक खेल खेल रही है। चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे कर जनता को भ्रमित करने वाली भाजपा अब अपने ही वादों से पीछे हट रही है।

प्रदेश में शिक्षकों की भारी कमी के कारण शासकीय स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था चरमराई हुई है। जहां एक ओर विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हैं, वहीं दूसरी ओर योग्य अभ्यर्थी वर्षों से नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने 57 हजार शिक्षक भर्ती का शोर मचाकर युवाओं की उम्मीदें जगाई थीं, लेकिन अब केवल 5 हजार भर्ती की बात कर यह साबित कर दिया कि भाजपा सरकार केवल घोषणाओं की सरकार है, जमीन पर उसका कोई अमल नहीं है। भाजपा सरकार का न तो इस भर्ती को लेकर कोई रोडमैप है और न ही युवाओं के भविष्य की चिंता। भाजपा की नीयत सिर्फ प्रचार और फोटो सेशन की राजनीति तक सीमित है।

### दीपों की रोशनी से जगमगाया तिर्रा

**धमतरी।** ग्राम तिर्रा (डुबान) में इस वर्ष भी दीपावली मातर पर्व का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना से हुआ। दीपों की सुनहरी आभा से पूरा ग्राम आलोकित हो उठा। महिलाओं ने पारंपरिक गीतों से वातावरण को मंगलमय बनाया, वहीं बच्चों में उत्सव का उत्साह देखते ही बनता था। महापौर श्री रोहरा ने कहा कि दीपावली मातर हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति का प्रतीक पर्व है। ग्राम तिर्रा में यह परंपरा जिस आत्मीयता और उत्साह से निभाई जाती है, वह समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देती है। संध्या होते ही आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाने लगा। आतिशबाजी प्रदर्शन ने जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती सबिता रमेश ने की। विशिष्ट अतिथि जयंत नेताम, बालकृष्ण नेताम, उमेश साहू, संजय देवांगन, गोपाल साहू थे।

## क्राइम : शहीद पार्क चौपाटी के करीब स्केटिंग ग्राउण्ड की घटना

# युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर के शहीद पार्क चौपाटी के करीब हुए चाकूबाजी मामले में बोधघाट पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा युवक के सिर पर चाकू से हमला किया गया जिससे उसे गंभीर चोट आई है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली भोलासिंह राजपुत के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी साहिल साव 25 साल निवासी शांतिनगर वार्ड थाना बोधघाट ने बताया कि शविवार रात वह अपने शहीद पार्क स्थित दुकान पर था सेंडविच खाते हुए स्केटिंक ग्राउण्ड की ओर गया था जहां पहले से सानू उर्फ मोहित त्रिपाठी, अर्जुन राव एवं अनिल राव बैठे हुए थे। प्रार्थी को देखकर पास आए तो प्रार्थी क्या हुआ भाई बोला तो तीनों प्रार्थी के उपर भडकते हुए मां बहन की अश्लील गंदी-गंदी गाली गलौज करने लगे तथा पुरानी रजिंश की बात को लेकर तीनों मिलकर एक राय होकर साहिल साव से मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी देकर धारदार चाकू से प्राणघातक हमला किया। इससे घबराया प्रार्थी भागने लगा तो आरोपी उसके पीछे चाकू लेकर दौड़ने लगे और उसके सिर में चोट पहुंचाए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महारानी वार्ड निवासी आरोपी सानू उर्फ मोहित त्रिपाठी 27 साल, अर्जुन राव 29 साल तथा अनिल राव 25 साल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चाकू बरामद किया और आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

■ कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक भोलासिंह राजपुत के अलावा एसआई अरुण मरकाम, एएसआई परिमल दास, प्रधान आरक्षक अनंत राम बघेल, अजय साहू, आरक्षक बंशी मौर्य, उत्तम व रंगलाल खरे की अहम भूमिका रही।

## पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बचेली



पुलिस ने थानातंर्गत हुए एक अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली है। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा दिया है। प्रार्थिया रामबती कर्मा ने पिछले 15 अक्टूबर को थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि आज गांव में नवा खानी त्यौहार मनाने का कार्यक्रम था। एक दिन पूर्व 14 अक्टूबर को गांव में खाने पीने का त्यौहार था। रात्रि लगभग 8 बजे राजू घर आंगन के बीच में बने झोपड़ी में खाट में सोया था। उसकी पत्नि कमरे के अंदर सोई थी। मध्य रात्रि में प्रार्थिया उठी तो देखी इसका पति राजू कर्मा ठीक ठाक सोया हुआ था। प्रातः 4 बजे उठी और अपने पति के पास जाकर देखी खाट के नीचे खून बह रहा था। राजू कर्मा के गर्दन के दाहिने तरफ कटा हुआ था और खून निकल रहा था उसकी मृत्यु हो चुकी थी। रात्रि 1 बजे से प्रातः 4 बजे के मध्य कोई अज्ञात व्यक्ति ने धारदार वस्तु से गले में मारकर हत्या कर दिया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा को दी गई। एसपी गौरव राय के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर एवं रामकुमार बर्मन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा किरन्दुल के मार्गदर्शन में पतासाजी किया गया। विवेचना दौरान परिजन, ग्रामीणों एवं संदेहियो से पूछताछ किया गया। 26 अक्टूबर को संदेही पोदिया कर्मा 50 वर्ष निवासी बहेनार मंझारपारा, थाना बचेली को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने राजू कर्मा की हत्या लोहे के पटासी से मार कर करना बताया। पटासी को आरोपी के घर बहेनार मंझारपारा से जब्त किया गया है। आरोपी पोदिया कर्मा को 26 अक्टूबर को गिरफ्तार कर जेएमएफसी न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव, थाना प्रभारी, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन निर्मलकर, ज्योति बंजारे, प्रधान आरक्षक नरेश मंडल, आरक्षक गजेन्द्र ध्रुव, डमरूधर कश्यप की सराहनीय भूमिका रही।

## अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ का दीपावली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

अखिल भारतीय बंजारा सेवा संघ जिला कोंडागांव के तत्वाधान में बंजारा समाज अधिकारियों एवं कर्मचारीयों का दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दीपावली के बाद समाज ने आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को फरसगांव ब्लॉक मुख्यालय स्थित कर्मचारी भवन में बंजारा समाज के अधिकारी कर्मचारी संघ ने दीपावली मिलन समारोह मनाया, जहाँ इस कार्यक्रम में आपसी सौहार्द का अद्भुत दृश्य भी नजर आया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सदस्यों का विशेष सम्मान किया गया और सभी ने उनके आशीर्वाद से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। बंजारा समाज के सदस्यों ने बताया कि दीपावली मिलन का उद्देश्य केवल त्योहार मनाना नहीं बल्कि समाज के बीच प्रेम और एकता के संदेश को फैलाना भी है। कार्यक्रम के बाद सभी ने आपस में मिठाइयाँ बांटकर खुशियाँ साझा कीं। यह दृश्य सचमुच मिठास में एकता की मिसाल बन गया।

## प्रो कबड्डी स्पर्धा में गेम्स किंग कोटवेल बनी विजेता



**फरसगांव।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम आलोर झाटीबन के लिंगेश्वरी माता मंदिर मैदान में रविवार को एक दिवसीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। इस स्पर्धा का समापन सोमवार को तड़के सुबह करीब 4 बजे किया गया। फाइनल मैच गेम्स किंग कोटवेल और लिंगेश्वरी क्लब टीम के मध्य खेला गया। जिसमें कोटवेल की टीम ने जीत हासिल की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरुस्कार के रूप में नगद राशि और ट्रॉफी का वितरण किया गया। आपको बता दे कि कोटवेल की गेम्स किंग टीम जिले के आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में लगातार जीत हासिल कर रही है। कोटवेल की टीम जिले के टॉप टीम साबित हो रही है।

## सांकरा तपोवन में मनाई गई दीपावली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विदयालय सेवा केंद्र सांकरा के ओम शांति भवन में लक्ष्मी पूजन एवं दीपमालिका उत्सव धूमधाम से मनाया गया। केंद्र की संचालिका ब्रम्हाकुमारी सरिता ने कहा कि अंधकार से प्रकाश की ओर जाना मनुष्य से देवता बनने जैसा है। अपने परिवार में प्रकाश की ज्योति जलाते रहे जिससे सद्भावना बनी रहे। भोयना की बाल कलाकार योगेश्वरी दवारा रंगोली से बनाई गई लक्ष्मीजी की आकृति को लोग निहारते रहे। बीके प्राजक्ता, नीता, कीर्ति बहन के सहयोग से सभी ने दीप प्रज्वलित किए। इस अवसर पर होमेद्र चंद्राकर, उदयरामसाहू सरपंच, घनश्याम सिंह साहू शिक्षक, जसपाल, राजेश ध्रुवंशी, गिरिराज, जीवन, उमेंदी, ज्ञानिक, गोविंद यादव, परस, आनंद साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## छग के रजत जयंती वर्ष, राज्योत्सव में पीएम के आगमन, पटेल जयंती पर बनी रूपरेखा

■ भाजपा की जिला स्तरीय योजना बैठक कुरूद विधायक की मौजूदगी में हुई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भाजपा की जिलास्तरीय योजना बैठक विधायक कुरूद अजय चंद्राकर की उपस्थिति में हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष, राज्य उत्सव में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर चर्चा हुई। इसके लिए विधानसभा स्तरीय प्रभारी की नियुक्ति भी की गई। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती को लेकर रूपरेखा बनाई गई। संसदीय क्षेत्र के भीतर एक दिन की पदयात्रा करनी है जिसमें लोकसभा क्षेत्र के सांसद उपस्थित रहेंगे। यह यात्रा आमदी से शुरू होकर धमतरी के गांधी मैदान तक पहुंचेगी। यहां सभा होगी। भाजपा द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाने के पीछे राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है। सरदार पटेल को लौह पुरुष कहा जाता है क्योंकि उन्होंने आज़ादी के बाद 562 रियासतों को जोड़कर भारत को एक राष्ट्र बनाया। भाजपा उनके आदर्शों के माध्यम से एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश देना चाहती है। उनकी जयंती पर भाजपा युवाओं को यह संदेश देना चाहती है कि संगठन, दृढ़ निश्चय और सेवा भावना से ही देश मजबूत बनता है। भाजपा सरकार ने 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस घोषित किया है। इस दिन देशभर में रन फॉर यूनिटी, एकता शपथ और राष्ट्रीय एकता परेड जैसे कार्यक्रम कराए जाएंगे। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू, महापौर रामू रोहरा, नेहरू निषाद पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष, पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा, श्रवण मरकाम ने भी अपने विचार रखे। मौके पर पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू ने दी।

## युवोदय क्लब प्रतिनिधियों की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

ब्लॉक फरसगांव जनपद पंचायत के सभा कक्ष में जनपद सीईओ रूपेंद्र नेताम के मार्गदर्युशन में यूवोदय कोंडानार, स्वयंसेवक, द्वारा 15 ग्राम पंचायतों के युवोदय क्लब प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विलेज लेवल क्लब के उद्देश्य, आगामी कार्य योजना, तथा स्वयंसेवा एवं आभार मॉड्यूल पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों की भूमिका को मजबूत करना और उन्हें समुदाय में बेहतर कार्य के लिए तैयार करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों पर समूह चर्चा एवं विचार-विमर्श के माध्यम से स्वयंसेवकों का क्षमता वर्धन किया गया।

## वसुंधरा पदयात्रा में परिणीता ने एक माह मेडिकल सेवा दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज की प्रेरणा से नागपुर सहित देशभर के 6 उपपीठों से प्रारंभ हुई वसुंधरा पदयात्रा का समापन 21 अक्टूबर को मुख्यपीठ रामानंदाचार्य दक्षिणपीठ नाणीजधाम (रत्नागिरी) में हुआ। यह पदयात्रा हिन्दू धर्म, भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार एवं पर्यावरण संवर्धन के उद्देश्य से निकाली गई थी।

पदयात्रा के दौरान रामानंदी संप्रदाय के हजारों भक्तों ने एक हजार किलोमीटर से अधिक दूरी पैदल तय की तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने पौधरोपण अभियान चलाया। 1 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक कुल 83,821 पौधे लगाए गए।

इस यात्रा में धमतरी जिले से सुश्री परिणीता होलकर ने भी सहभागिता की। उन्होंने निःस्वार्थ भाव से एक माह से अधिक समय तक धामयात्रियों की मेडिकल नर्सिंग सेवा प्रदान की। परिणीता के माता-पिता राजेश होलकर एवं श्रीमती भारती राजेश होलकर ने



सच्चे धर्मपालक के रूप में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि आध्यात्मिक शिक्षा युवाओं के चरित्र निर्माण, मानसिक संतुलन और जीवन उद्देश्य को स्पष्ट करने में अहम भूमिका निभाती है। इस यात्रा में धमतरी जिले से

पीठ प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी, जिला अध्यक्ष मोहनीश पद्मावर, श्रीमती राजश्री विकास रणसिंह, श्रीमती रमा महासिंह साहू, सुश्री भावना घोरपड़े, श्रीमती रजनी घोरपड़े, श्रीमती शीला दासरवार, श्रीमती उमा बेतवार, सौरभ सोनी, ज्ञानेश्वर साहू, श्रीमती किरण होलकर, पार्थ होलकर, राजेश होलकर, दिव्यांश जगताप, योगेश सिन्हा, श्रीमती प्रभा ठाकुर एवं श्रीमती स्नेहा रणसिंह शामिल हुए।

## 180 करोड़ से धमतरी-नगरी मार्ग में बनेगा नया बाईपास

■ प्रोजेक्ट का प्रस्ताव तैयार कर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धमतरी से वनांचल नगरी तक आवागमन को सुगम बनाने के लिए अब नया फोरलेन बाईपास मार्ग बनने की तैयारी शुरू हो गई है। इस बाईपास मार्ग को भारतमाला परियोजना की सड़क से जोड़ा जाएगा। लगभग 180 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट का प्रस्ताव तैयार कर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को भेजा गया है, जिस पर बहुत जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

धमतरी जिले की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यह बाईपास अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रायपुर से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर स्थित धमतरी जिले की सीमा से कुछ ही दूरी पर रायपुर विशाखापट्टनम भारतमाला मार्ग तैयार किया जा रहा है। वर्तमान में धमतरी से नगरी मार्ग की सड़क संकरी और जर्जर हो चुकी है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई है। इसी को



ध्यान में रखते हुए महापौर रामू रोहरा ने धमतरी से नगरी मार्ग तक नया बाईपास मार्ग बनाने की योजना तैयार की है। यह परियोजना नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) के माध्यम से पूरी की जाएगी। इस प्रस्ताव में सड़क, पुल, पुलिया, ब्रिज और भूमि मुआवजा सब शामिल है। महापौर ने बताया कि सेहराडबरी से लेकर नगरी मार्ग तक लगभग 10 किलोमीटर का नया फोरलेन बाईपास बनाया जाएगा। यह मार्ग महानदी को क्रॉस कर अछोटा के पास नगरी रोड से जुड़ेगा, जबकि भारतमाला परियोजना से कुल दूरी 45 किलोमीटर होगी। इस सड़क के निर्माण में जिनकी जमीनें आएंगी, उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। प्रस्तावित बाईपास रायपुर–जगदलपुर नेशनल हाईवे के ग्राम मेहराडबरी के पास से निकलेगा। यह मार्ग महानदी को पार करते हुए अछोटा गांव के पास नगरी-सिहावा रोड से जुड़ जाएगा। यह सड़क फोरलेन चौड़ाई की होगी, जिससे भारी वाहनों की आवाजाही में आसानी होगी।

बाईपास के निर्माण से धमतरी शहर के अंदर से गुजरने वाले भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग मिलेगा, जिससे शहर के भीतर ट्रैफिक दबाव और दुर्घटनाएं कम होंगी। साथ ही यह मार्ग ओडिशा, विशाखापट्टनम, नगरी और देवभोग की ओर से आने वाले वाहनों को दुर्ग–राजनांदगांव दिशा में तेजी से पहुंचने में मदद करेगा। महापौर ने बताया कि यदि केंद्र सरकार की मंजूरी मिल जाती है तो यह परियोजना धमतरी के विकास में एक नई कड़ी जोड़ देगी।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता कलमसिंह पवार का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जनसंघ काल से भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को सिहावा विधानसभा क्षेत्र में जड़ से मजबूत करने वाले वरिष्ठ नेता कलम सिंह पवार (84 वर्ष) अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने रविवार को अंतिम सांस ली। श्री पवार भाजपा महामंत्री के रूप में पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभा चुके थे। वे श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर समिति देऊरपारा एवं स्वयंभू शीतला मंदिर, सिहावा के आजीवन सदस्य थे और धार्मिक-सामाजिक कार्यों में सतत सक्रिय रहते थे। भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि कलम सिंह पवार मेरे राजनीतिक जीवन की पहली पाठशाला



रहे हैं। जब मैं संगठन में नया था, उन्होंने मुझे सिखाया कि राजनीति पद या लाभ का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा का संकल्प है। उन्होंने हमें जनसंघ के कठिन दिनों की कहानियां सुनाकर यह बताया कि सच्चा कार्यकर्ता वही है जो विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी की विचारधारा के प्रति अडिग रहे। आज जो संगठन सिहावा अंचल में इतना सशक्त है, उसकी नींव में पवार जी का समर्पण और त्याग जुड़ा हुआ है। उनका जाना हमारे लिए पिता तुल्य मार्गदर्शक की क्षति है, जिसे कभी भरा नहीं जा सकेगा। श्री पवार की सादगी, संघर्षशीलता और संगठन के प्रति समर्पण ने उन्हें सिहावा अंचल के हर कार्यकर्ता के दिल में विशेष स्थान दिलाया। वे जनसंघ काल से ही पार्टी की विचारधारा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय रहे और ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभाई।

## पेज 9 के शेष

### विकलांग भूजबल के....

कुमार साहू, जगदीश दास, जयपाल सेठिया, दिनेश सिंग नाग, रामचंद्र नाग, बनवासी बघेल एवं सेवादार उपस्थित थे।

सेवा कार्य की सराहना : पत्नी लखमी सागर ने कहा हमने कभी नहीं सोचा था कि कोई हमारे दुख को इस तरह समझेगा। संत रामपाल महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम ने हमें बड़ी राहत दी है। गांव के लोगों ने भी इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में मानवता और भाईचारे की भावना को जीवित रखते हैं।

### नानगुर में 25 वर्षों ....

लोगों तक पहुंचना चाहते हैं जो किसी कारणवश अपने धर्म से भटके हैं। उन्हें मुख्यधारा में लाना और उनके भीतर आत्मगौरव का संचार करना ही हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम के दौरान समाज प्रमुखों ने घरवापसी कर चुके परिवार को धार्मिक ग्रंथ और तिलक से स्वागत कर समाज में सम्मिलित किया।

ये रहे उपस्थितः घर वापसी कार्यक्रम में परगना अध्यक्ष धनुजय बघेल, उपाध्यक्ष पीला राम नाग, संरक्षक प्रेम चालकी, नाइक धबलू राम कश्यप, मदन बघेल, संपत कश्यप, सुरेंद्र सोनी, विनय सोना, भरत चालकी, प्रकाश नागेश, कन्या सोना, अमल बैस, घनश्याम, अंतराम चालकी, भोला, देवनाथ, जीवनदास, मनू, गोविन्द, लोकनाथ, कैलाश सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### पूर्व सरपंच और ....

शौचालय निर्माण स्वीकृत किए गए थे, जिसकी अंतिम किश्त की राशि 1 लाख 47 हजार रुपए हितग्राहियों व सामग्री क्रय करने व वेंडर को भुगतान हेतु प्राप्त हुए थे। शौचालय निर्माण हेतु स्वीकृत हितग्राहियों द्वारा स्वयं की राशि का व्यय किया गया था। कुल 13 हितग्राहियों द्वारा निर्मित शौचालय की राशि 12 हजार रुपए के मान से पूर्व सरपंच एवं सचिव द्वारा आहरण कर हितग्राहियों को भुगतान नहीं किया गया। 15वें वित्त मद से पाइप लाइन विस्तार कार्य हेतु दो बार में 90 हजार रुपए आहरित तो कर लिए गए मगर कार्य कराया ही नहीं गया। मनरेगा योजना के तहत कुआं निर्माण कार्य वर्ष 2019-20 में भंवरलाल पिता लखमू के नाम से स्वीकृत कार्य में पुराने कुएं को दिखाकर मजदूरी राशि 47 हजार 188 रुपए एवं सामग्री राशि 72 हजार 600 रुपए में गड़बड़ी की गई। इसी तरह हेमराज पिता लखमू के नाम से स्वीकृत कुंआ बिना खुदाई किये मजदूरी भुगतान दर्शाया गया।

थाने में होगी एफआईआर : जनपद पंचायत के सीईओ ने नोटिस में कहा है कि अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बकावंड को पत्र लिखा जाएगा और पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। सरपंच ने जनपद सीईओ को दिए स्पष्टीकरण में इन सभी कृत्यों के लिए सचिव राजेश नाग को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि सचिव की ही देखरेख में सारे कार्य हुए हैं और राशि भी अकेले सचिव ने ही रखली है।

### राज्य सरकार का संकल्प...

लाख , आंगनबाड़ी भवन 11.70 लाख, महतारी सदन 25 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 12 लाख एवं पंचायत क्षेत्र में विभिन्न सीसी सडक निर्माण, पुलिया निर्माण,किचन शेड, बाऊण्डीवाल , एवं बोर खनन एवं अन्य मूलभूत विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग और हर गांव तक पहुँचे। उन्होंने कहा आप सभी ग्रामवासियों के मांग के अनुरूप आपके क्षेत्र का विकास किया जा रहा है । हमारे सरकार के नेतृत्व में इस विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य जारी रहेगा। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर में विकास की नई दिशा देने का कार्य किया जा रहा है। वहीं चांदामेटा में 80 सीआरपीएफ बटालियन द्वारा सामुदायिक भवन में ग्रामवासियों के लिए टेंट सामग्री का वितरण किया गया। जिससे आपको सुविधा होगी।

### बस्तर विकास में ...

निषाद, कमलेश ठाकुर, नरप्ति बघेल, शंकर बघेल, ओम प्रकाश राजक वनमाली बघेल कमलेश कश्यप यूनियन सचिव खुरसु राम मौर्य, रमेश यादव, कन्हैया यादव यूथ अध्यक्ष हिम्मा पोयाम, महिला अध्यक्ष विमला मरकाम, अध्यक्ष प्रिया तम्बो, ग्रामीण यूथ अध्यक्ष कमल तंबो एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक संघ की वर्चुअल बैठक 31 को



**जगदलपुर।** सर्व शैक्षिक संगठन ने आज आवश्यक बैठक में निर्णय लिया कि 31 अक्टूबर को बस्तर संभाग के समस्त शैक्षिक संगठनों की वर्चुअल बैठक होगी। जिसमें बस्तर संभाग के समस्त शैक्षिक संगठन के प्रदेश पदाधिकारी, संभाग पदाधिकारी तथा जिला पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। जगदलपुर में संयुक्त संचालक शिक्षा के विरुद्ध प्रदर्शन करेंगे। जिसमें बस्तर संभाग के समस्त सातों जिलों के शिक्षक सम्मिलित होंगे। आंदोलन की तिथि की घोषणा वर्चुअल बैठक में तय किया जाएगा।

### धाकड़ समाज ने मनाया दीपावली मिलन



**घाटलोहंगा।** धाकड समाज के द्वारा तोकापाल तहसील के समाज क्षेत्र बुरुंगपाल में संभागीय अध्यक्ष तरुण धाकड़, जिलाध्यक्ष दयानिधि धाकड़ के संयुक्त नेतृत्व में दिपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। प्रभु श्रीराम के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर पुजन के पश्चात कार्यक्रम की शुभारंभ की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के नवीन पीढ़ी में संस्कार का विकास करना,समाज के मुल संस्कृति व परम्परा को संरक्षित करना,समाज को विसंगतियो से दुर रखना व सतर्क करना,क्षेत्र पदाधिकारी का चुनाव करना है। धाकड़ समाज क्षेत्र बुरुंगपाल के क्षेत्रीय बैठक में नये क्षेत्र पदाधिकरीयों का चुनाव किया गया जिसमें सर्व सहमती से ग्राम कलेपाल के नरेन्द्र सिंह धाकड़-अध्यक्ष चुने गये। सचिव तेजसिंह धाकड़, बुरुंगपाल, उपाध्यक्ष देवनाथ धाकड़, बुरुंगपाल, मोहनसिंह धाकड़, डोंगरीगुड़ा जिला सदस्य योगेन्द्र सिंह धाकड़, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुंदनबती धाकड़ सचिव हंसमती धाकड़ सर्वसहमती से चुने गए।

# मिर्जापुर की नाटक मंडली ने की रामलीला का मंचन, ग्रामीणों का मन मोहा

## 13 वर्षों से पूरे देश में घूम-घूम कर रामलीला का कर रहे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर





दशहरा के बाद भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की गाथा का मंचन आयोजन जारी है मिर्जापुर से आई नाटक मंडली की प्रस्तुति देखनें पूरा गांव रामदेव मंदिर में शाम होते ही एकत्रित हो रहा है।

दशहरा के बाद भी राम लीला जारी है ऐसा कहने सुनने में बड़ा अचरज लगेगा लेकिन यह बिल्कुल सही है बीजापुर जिला मुख्यालय से 30 किलो मीटर दूर उसूर ब्लाक के आवापल्ली में इन दिनों राम लीला की धूम है, शाम होते ही आधी रात तक लोग भगवान राम की गाथा का आनंद ले रहे है, जिनके पैदाइश से लेकर माता सीता के साथ स्वयंवर, 14 वर्ष वनवास औऱ दशानंद रावण के वध तक का नाटक मंडील द्वारा किरदार के माध्यम से प्रस्तुति दी जा रही है।

मिर्जापुर काशी से आई राम लीला मंडली के संयोजक श्याम प्रकाश चौरसिया नें हरिभूमि को बताया की हमारी टीम पूरे देश भर में घूम घूम कर अलग अलग कसबा, गांव में रामलीला का आयोजन करती है। जीविका चलाने का माध्यम नहीं है बल्कि आज की भागती दौड़ती पीढ़ी को धार्मिकता से जोड़ने का भी मक़सद है इस दौर की पीढ़ी को रामायण, गीता पुराणों को पढ़ने की फुर्सत ही नहीं है, ऐसे में उन्हें धर्म और अधर्म के बीच का फर्क कैसे मालूम होगा, हमें नें युवाओं को भगवान राम की चरित्र को दिखाने औऱ प्रेरणा देने राम लीला दिखा रहे है कैसे वह मर्यादा पुरुषोत्तम कह लाये।

राम लीला दिखाने का हम कोई शुल्क नहीं लेते है देखने आये हुए ग्रामीण जो इच्छा से देते है उसे रख लेते है। भगवान राम के जन्म, मुनि आगमन, ताड़का, मारीच, सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार,श्री धनुष यज्ञ, रावण बाणासुर संवाद, सीता स्वयंबर,श्री परशुराम लक्ष्मण संवाद, सीता राम विवाह दशरथ-कैकई संवाद, श्री राम वनवास,सुपर्णखा नखच्छेदन, सीता हरण, कुम्भकरण, मेघनाथ, रावण वध एवं श्री राम राज्याभिषेक तक पाठकान राम लीला के मंडील द्वारा प्रस्तुति दी गई। स्थानीय लोगों नें काफी सराहना की और अकल्पनीय सहयोग प्रदान किया।

## नपं अध्यक्ष और भाजपा जिला अध्यक्ष ने घाट पहुंचकर दी शुभकामनाएं

# आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ पर की पूजा-अर्चना और मांगी सुख-समृद्धि





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सूर्योपासना और लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा नगर में श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व चार दिनों तक चलता है। छठ पूजा का मुख्य आकर्षण सूर्य देव और छठी मैया की आराधना है, जिसमें व्रती महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं और डूबते व उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती हैं।

पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है। पहले दिन व्रती गंगा, नदियों या तालाबों में स्नान कर शुद्ध भोजन ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन खरना मनाया जाता है, जिसमें व्रती दिनभर उपवास कर शाम को गुड़ और चावल से बनी खीर और रोटी का सेवन करते हैं। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है। पर्व के तीसरे दिन संध्या अर्घ्य दिया जाता है। श्रद्धालु पवित्र नदियों, तालाबों और जलाशयों के किनारे एकत्र होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। इस दौरान व्रती महिलाएं बांस की बनी टोकरी में फल, ठेकुआ, नारियल और अन्य प्रसाद रखकर सूर्य देव और छठी मैया की पूजा करती हैं।

पर्व के अंतिम दिन यानी चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। सूर्योदय से पहले ही व्रती जलाशयों के किनारे पहुंचते हैं और सूर्य देव की पूजा-अर्चना करते हैं। इसके बाद व्रत का पारण किया जाता है।

छठ पूजा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है। छठ पर्व के अवसर पर नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, भाजपा कोषाध्यक्ष मनीष सुराना, पार्षद विनोद साहू एवं रमेश डागा ने घाट पहुंचकर छठ मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि छठ मैया सभी के जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि प्रदान करें।

# संगठन को सशक्त बनाने महती भूमिका निभाएं कार्यकर्ता : साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू का आज पहली बार बस्तर आगमन हुआ। कार्यकतार्ओं ने उनका जोशिला स्वागत किया। वे

- भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का आगमन

सर्वप्रथम दंतेश्वरी मंदिर में मांईजी का दर्शनकर पूजन किये और उसके बाद जिला कार्यालय में पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक ली। उन्होंने कार्यकतार्ओं को संगठन को सशक्त करने एकजुट होकर कार्य करने को कहा।

अशोक साहू बस्तर अंचल के सभी सात जिलों का दौरा करेंगे और पिछड़ा मोर्चा के कार्यकतार्ओं में ऊर्जा भरेंगे । बैठक को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं के साथ पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता जनता के बीच जाएं उसका लाभ दिलायें। जनता की समस्याओं का निदान का सार्थक पहल करते हुये आमजन से जुड़ कर संगठन को सशक्त बनाये। संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम को कर्मठता से पूरा करने की जिÞम्मेदारी हम सभी कार्यकतार्ओं की है। स्वदेशी को अपनाने व आत्मनिर्भर भारत अभियान में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सभी कार्यकर्ता अपना महती योगदान दें।

### ये रहे उपस्थित

संचालन संजय चंद्राकर और आभार प्रदर्शन लच्छिन यादव ने किया। जिसमें पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष खिलावन साहू, प्रदेश महामंत्री डा.खिलावन साहू, निर्देश दीवान, प्रदीप देवांगन, सुरेश गुप्ता, दिगम्बर राव, मनोज पटेल, राजा यादव, रघु सेठिया, पिंटू ठाकुर, रितेश सिन्हा, रामकुमारी यादव, गोदावरी साहू, किरण दीवान, श्वेता गुप्ता, मीना विश्वकर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सभी कार्यवाही को अविलंब पूर्ण कर जल्द लोन जारी करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर हरिस एस ने पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत कार्य का सफल क्रियान्वयन किए जाने हेतु सीएसपीडीएल के अधिकारियों,

- पीएम सूर्यघर योजना के क्रियान्वयन की हुई समीक्षा

जिला अंतर्गत संचालित बैंक के अधिकारियों एवं जिला में कार्यरत वेंडर ठेकेदारों की समीक्षा बैठक ली। जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में कलेक्टर ने पीएम सूर्य घर योजना के क्रियान्वन में आ रही समस्याओं को लेकर समीक्षा की एवं सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बैंक के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम सूर्यघर योजना के लोन से संबंधित सभी कार्यवाही को अविलंब पूर्ण कर जल्द से जल्द लोन जारी करें।

जिले में पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत सोलर रूफ टॉप प्लांट लगाने हेतु आज तक 1421 उपभोक्ता ने पंजीयन कराया है जिनमें में 516 उपभोक्ताओं ने वेंडर चयन किया है। आज तक 83 सोलर प्लांट उपभोक्ताओं ने लगाया है। जिले में दस वेंडर है जिसमें एसयूडी टीएचके एनर्जी, पावर ग्रीन इंटरप्राइसेस, जयविक रेनेवेबल्स प्राइवेट लि., महापात्र एंड महापात्र सोलर, वाहेगुरु सोलर सिस्टम, छत्तीसगढ़ इनोवेशंस, होप एनर्जी, अरशद अली, भारत इंफ्रा और अदिति कंस्ट्रक्शन कंपनी पीएम सूर्यघर योजना के तहत कार्य कर रहे हैं ।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



एनएमडीसी लिमिटेड बीआईओएम किरन्दुल कॉम्प्लेक्स द्वारा 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक 'सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी विषय के अंतर्गत सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। आज प्रशासनिक भवन के प्रागंण में अधिशासी निदेशक रवीन्द्र नारायण द्वारा एवं अन्य कार्यस्थल पर संबंधित विभागाध्यक्षों द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाते हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया ।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान एनएमडीसी केऔसुबल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, गृहणियों तथा स्कूल एवं कालेज के छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला, निबंध, नारा एवं सवाल प्रतियोगिताएं आयोजित किए जाएंगे । सतर्कता अधिकारी ने सभी से अनुराध किया कि वे उनके लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## मातृशक्ति का दिवाली मिलन...



जगदलपुर। सोमवार को शहर के न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी धरमपुरा में मातृशक्ति विभाग संयोजिका उमा गुप्ता के आवास पर बड़ी संख्या में जुटी मातृशक्ति ने उत्साह के साथ दीवाली मिलन मनाया। सभी ने प्रभु श्री राम के चित्र पर फूल माला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इसके पश्चात सभी ने एक दूसरे को दीवाली की शुभकामनाएं दी। उमा गुप्ता ने कहा की कार्यक्रम का उद्देश्य धर्म के प्रति श्रद्धा व कटिबद्धता,आपसी सौहार्द,हिंदू एकता व धर्म का प्रसार करने के साथ अपने समाज में अपनी संस्कृति को बढ़ावा देना बताया। प्रसाद वितरित कर मंगलकामना की गई। इस दौरान आस्था गुप्ता,सुनीता कुशवाहा,शिखा घोष,सरोज रेड्डी,प्रीति,श्रुति,अनीता पटेल,कल्पना सिंह,आरती गुप्ता, हेमंती यादव,पूजा और अंजलि,गीता जोशी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

# पत्रकारों पर हमले की जांच रिपोर्ट सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



भोपालपटनम में पत्रकारों पर हुए हमले और गाली-गलौज की घटना की जांच पूरी हो गई है। बीजापुर प्रेस क्लब द्वारा गठित जांच दल ने शनिवार को अपना प्रतिवेदन प्रेस

- प्रेस क्लब बीजापुर के जांच दल ने की अनुशंसा
- पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने संघ स्तर पर आचार संहिता लागू हो

क्लब अध्यक्ष के संतोष कुमार को सौंप दिया गया है।

जांच दल के संयोजक गणेश मिश्रा ने बताया कि जांच के दौरान सामने आए तथ्यों को सात बिंदुओं में संकलित किया गया है। रिपोर्ट में दोनों पक्षों पत्रकारों और आरोपियों के कथनों के साथ प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी शामिल किए गए हैं।

प्रतिवेदन में यह स्पष्ट किया गया है कि घटना अवैध जुआ संचालन और स्थानीय स्तर पर उत्पन्न विवादों से जुड़ी हुई है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि कुछ बिंदुओं पर स्थानीय पुलिस की भूमिका संदिग्ध प्रतीत होती है। निष्कर्ष एवं अनुशंसा में जांच दल ने कहा है कि पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने के लिए ऐसे विवादों में संघ स्तर पर आचार संहिता लागू की जाए। अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी पत्रकार की सदस्यता पर पुनर्विचार किया जाए तथा स्थानीय पुलिस से निष्पक्ष जांच रिपोर्ट प्राप्त की जाए। जांच दल में संयोजक गणेश मिश्रा के साथ कमलेश्वर सिंह पैंकरा, चेतन कापेवार, अय्यूब खान, आशीष पद्मवार, रंजन दास और नवीन मोरला शामिल थे।

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्रं./202509151000006/ब-121/2025-26

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका गरिमा पिता जदूराम जाति माड़िया ग्राम छिन्दगांव तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदिका अपनी स्वयं का शासकीय कार्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र बनाना चाहती है। आवेदक अपनी स्वयं गरिमा पिता जदूराम का जन्म दिनांक 24/01/2005 दर्शाया गया है ।

जिसकी पेशी दिनांक 29/10/2025 को नियत किया गया है, वह उद्घोषणा ग्राम पंचायत छिन्दगांव के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । समय उपरांत प्राप्त आपप्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

जारी दिनांक 15/10/2025

मुहर

तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर

# रुपसिंह ने दंतेश्वरी मंदिर में की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नवनियुक्त की छग राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने भाजपा

- शीर्ष नेतृत्व व संगठन के वरिष्ठों के प्रति जताया आभार

के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकतार्ओं के साथ दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना की।

उन्होंने शीर्ष नेतृत्व तथा संगठन के वरिष्ठों के प्रति आभार व्यक्त किया है व कार्यकतार्ओं को धन्यवाद दिया है।

आज मंदिर दर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, रजनीश पाणिग्रही, पूर्व व पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष द्वय प्रकाश झा व अविनाश श्रीवास्तव, सुरेश गुप्ता, आलोक अवस्थी, रंजीत पाण्डेय, संग्राम सिंह राणा, योगेश शुक्ला, संजय चंद्राकर, संतोष बाजपेयी, दिगम्बर राव, विक्रम सिंह यादव,दशरथ गुप्ता, संजय विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।



खबर संक्षेप

## कान में बाली, झूमका सख्त वर्जित

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत पुरूष एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला की भर्ती परीक्षा 9 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 1.15 बजे तक जगदलपुर के 4 परीक्षा केन्द्रों में होगी। जिसके तहत परीक्षा केंद्र शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 2, झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज धरमपुरा नम्बर 3 , शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय शान्ति नगर और शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक 1 में परीक्षा होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों में ढाई घंटा पहले पंहुचना होगा। जहां मेन गेट में मेटल डिटेक्टर से परीक्षार्थियों की सम्पूर्ण जॉच की जाएगी। फिर विक्षकों द्वारा प्रवेश पत्र एवं कोई भी एक पहचान पत्र के सत्यापन जांच की कार्यवाही की जाएगी। परीक्षार्थियों को इंटरनेट से निकाला हुआ मूल प्रवेश पत्र लाना होगा। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के हाफ टी-शर्ट, हल्के कपड़े एवं पैरों में चप्पल पहन कर आना होगा। कान में बाली, झूमका इत्यादि किसी भी प्रकार का आभूषण सख्त वर्जित है। साथ ही घड़ी पर्स, मोबाईल, बेल्ट, जूता, मोजा, इलेक्ट्रानिक उपकरण, हाथ में कड़ी, धागे कोई भी संचार का साधन, स्कार्प, टोपी, चश्मा आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री नंदनी साहू को नोडल अधिकारी और प्राचार्य शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 2 जगदलपुर डॉ. अनिल श्रीवास्तव को समन्वयक नियुक्त किया गया है। वहीं सहायक प्राध्यापक शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 2 जगदलपुर डॉ. अजय सिंह ठाकुर को सहायक समन्वयक का दायित्व सौंपा गया है।

- चप्पल पहनकर हल्के कपड़े में आएंगे परीक्षार्थी, आभूषण पर पूर्ण प्रतिबंध
- ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक की भर्ती परीक्षा 9 नवम्बर को

# परियोजना प्रमुख ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

## एनएमडीसी बचेली में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनएमडीसी लिमिटेड के बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का शुभारंभ 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक "सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रशासनिक भवन में आयोजित सत्यनिष्ठा की शपथ ग्रहण समारोह से हुआ, जिसमें परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रपति का संदेश भी वाचन किया गया, जिसमें सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया गया। सप्ताह के दौरान कर्मचारियों, छात्रों एवं सीआईएसएफ कर्मियों के बीच निबंध, भाषण, पोस्टर, स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं तथा नुक्कड़ नाटक एवं ग्राम सभाओं जैसे जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और सुशासन के प्रति जागरुकता फैलाना है। 31 अक्टूबर को "एकता दौड़-ईमानदारी के लिए दौड़" का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एनएमडीसी के कर्मचारी, सीआईएसएफ कर्मी, छात्र एवं स्थानीय नागरिक भाग लेंगे। यह आयोजन भ्रष्टाचार के विरुद्ध सामूहिक एकजुटता का प्रतीक होगा। परियोजना प्रमुख के मार्गदर्शन में सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित यह सप्ताह, केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा प्रारंभ किए गए राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य निवारक सतर्कता, क्षमता निर्माण, परिसंपत्ति प्रबंधन एवं डिजिटल पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। सप्ताह भर चलने वाले इन कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों एवं नागरिकों में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा को जीवन के मूल सिद्धांत के रूप में अपनाने की प्रेरणा दी जा रही है।





## उप महानिरीक्षक ने ली दीक्षांत परेड समारोह की सलामी

# महिला नगर सैनिकों का अनुशासन दक्षता और समर्पण सराहनीय : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट क्षेत्र में स्थित नगर सैनिक प्रशिक्षण केंद्र में संचालित महिला नगर सैनिकों के बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र में रविवार को दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया।

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सैनिकों को मिला ईनाम

इस अवसर पर मुख्यालय रायपुर से पहुंचे उप महानिरीक्षक एस. के. ठाकुर ने दीक्षांत परेड की सलामी ली।

सलामी के पश्चात उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और महिला नगर सैनिकों द्वारा प्रदर्शित अनुशासन, दक्षता और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से न केवल महिला नगर सैनिकों का आत्मविश्वास बढ़ा है बल्कि वे समाज की सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी संतोष मार्बल ने बताया कि 15 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ यह प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें महिला नगर सैनिकों को शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, प्राथमिक चिकित्सा, कानून व्यवस्था और नागरिक सहयोग जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला नगर सैनिकों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में प्रशिक्षण अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और नगर सैनिकों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





### महिला सैनिकों का शानदार प्रदर्शन

नगर सेनानी संतोष मार्बल ने बताया कि परेड पासिंग आउट की कार्यवाही में पूरी 10 महिला नगर सैनिकों की 10 टुकड़ियां द्वारा शुरूआत में लाइन फार्मेशन में धीरे चाल की कार्यवाही से मंच के दाहिने सैल्यूट करते हुए गुजारा गया। तत्पश्चात दूसरे राउंड पर लाइन फॉर्मेशन में ही तेज चाल के साथ दाहिने देख करते हुए गुजारा गया । मंच के सामने पीटी का प्रदर्शन किया गया। बाद में परेड को समीक्षा क्रम में बुलाया गया। तत्पश्चात निसान पार्टी द्वारा अपनी पूरी कार्रवाई किया गया।

### प्रशिक्षुओं को दिलाई गई शपथ

कार्रवाई के दौरान सभी प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाया गया। परेड कमांडर से अनुमति प्राप्त कर निष्क्रमण की कार्यवाही किया गया जिसमें दोनों ओर से सभी प्लाटूनों को मंच के दाहिने बाएं धीरे चाल से दाहिने बाएं देख की कार्रवाई करते हुए निष्क्रमण हो गया।

# आस्था और सूर्य उपासना का पर्व है छठ पूजा : रवींद्र सोनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

सूर्य उपासना और लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा लौह नगरी किरंदुल में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है इस मौके पर यूपी संघ के अध्यक्ष रविंद्र सोनी ने कहा है कि सोमवार को छठ महापर्व का तीसरा दिन संध्या अर्घ्य पूरे भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। व्रती महिलाएं राघव मंदिर तालाब घाट के किनारे पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। इस अवसर पर घाटों पर सुरक्षा और सफाई के व्यापक इंतजाम एनएमडीसी द्वारा किए गए हैं।

छठ पूजा की शुरुआत नहाय-खाय से होती है, इसके बाद खरना के दिन व्रती गुड़-चावल की खीर का प्रसाद बनाकर व्रत की शुरुआत करते हैं। कल मंगलवार चौथे दिन उषा अर्घ्य यानी उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाएगा ,छठ के गीतों, ढोलक की थाप और आस्था की भावना से वातावरण भक्तिमय हो उठा है।

इस मौके पर एनएमडीसी के परियोजना प्रमुख रवींद्र नारायण, नगरपालिका अध्यक्ष रूबी सिंह, सभी समाज प्रमुख घाट पर पहुंचकर पूरे समाज को छट पूजा की शुभकामनाएं दी।

# छठ सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का पर्व : मौर्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शहर के गंगामुंडा तालाब घाट पर विश्वकर्मा मंदिर के समक्ष मिथिला व भोजपुरी समाज के श्रद्धालुओं व व्रतियों को शुभकामनाएं दी।

मौर्य ने कहा छठ पूजा का विशेष महत्व है। उमड़ा आस्था का जनसैलाब हमारी संस्कृति का प्रतीक है । उन्होंने छठी माई से छठ व्रतियों की सभी मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना की।

- गंगामुंडा तालाब पहुंचकर कांग्रेसियों ने दी शुभकामनाएं

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा छठ महापर्व लोक आस्था और भगवान भास्कर के प्रति असीम श्रद्धा को समर्पित है। यह पर्व आस्था, लोक संस्कृति, समर्पण और त्याग का अद्भुत संगम है । उन्होंने समाज के समस्त परिवारजनों को शुभकामनाएं देते छठी मईया और भगवान सूर्य से सभी के जीवन को सुख-समृद्धि, आरोग्य करने की प्रार्थना की।

पूर्व महापौर जतिन जायसवाल ने कहा संध्या अर्घ्य छठ पूजा का मुख्य दिन है जो भक्ति, श्रद्धा और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव का संदेश देता है। सभी श्रद्धालुओं को उन्होंने शुभकामनाएं देते उज्ज्वल और सुख-समृद्ध बनाने की प्रार्थना की।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी राजकुमार झा सुरेन्द्र झा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, कोमल सेना, अवधेश झा, पार्षद सूर्यापानी, विक्रम सिंह डांगी, लोकेश चौधरी, मनप्रीत कौर, हेमू उपाध्याय, परमजीत जसवाल,अनवर खान, कुलदीप भदौरिया, संतोष सिंह, राजेंद्र पटवा, असीम सुता, अंकित सिंह, एस नीला, सुलो कश्यप, मोहसिन खान, खीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

# छठ पूजा के लिए नगर निगम ने किए विशेष इंतजाम : पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती अवसर पर नगर निगम विशेष स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत गंगा मुंडा तालाब सहित शहर के सभी 11 घाटों की सफाई का कार्य कर रहा है। यह अभियान एक महीने से चल रहा है। छठ महापर्व के दौरान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए सबसे अधिक श्रद्धालु गंगा मुंडा तालाब पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए निगम प्रशासन ने घाटों की सफाई और समतलीकरण पर विशेष ध्यान दिया है।

- रजत जयंती अवसर पर विशेष स्वच्छता पखवाड़ा में 11 घाटों की सफाई जारी




महापौर संजय पांडे ने बताया कि गंगा मुंडा तालाब को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। जगदलपुर को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता एम्बेसडर, पार्षद और नागरिक मिलकर लगातार काम कर रहे हैं। लगभग 100 लोग प्रतिदिन इस अभियान में जुटे हैं।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखें, कचरा गाड़ी आने पर ही निर्धारित डस्टबिन में डालें। नालियों या सड़कों पर कचरा न फेंके, जिससे हमारा शहर कचरा मुक्त हो सके।



## छठ महापर्व में दिखता है नारी शक्ति का दिव्य रूपः देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छठ महापर्व पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने गंगामुंडा घाट, महादेव घाट और दलपत सागर पहुंचकर पूजा अर्चना कर रहे लोगों को शुभकामनाएं देकर परिवार में सुख समृद्धि, प्रगति की कामना की। इस दौरान उनके साथ अनेक भाजपाई मौजूद रहे। किरण देव ने कहा छठ महापर्व बिहार, उत्तरप्रदेश के अलावा पूरे देश में जहां जहां भोजपुरी और मिथिला समाज के लोग रहते हैं वहां मनाया जाता है। इस पर्व में नारी शक्ति का दिव्य रूप दिखता है जो ठंड में निर्जला व्रत रखकर नदी तालाब में जल में उतरकर देवी की पूजा अर्चना करती है। उन्होंने शहर के सभी घाट में अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देते लोगों को विशेष रूप से बधाई दी। इस दौरान अपने अंदाज में वे नन्हें मुन्हें बच्चों से भी मिलकर उनकी खुशी में सहभागी बने।

- घाट पहुंचकर विधायक ने छठ की दी शुभकामनाएं

## हल्बाकचौरा में सीसी सडक निर्माण कार्य का विधायक एवं सांसद ने किया भूमिपूजन

# प्रत्येक गांव में दिखेगी विकास की नई पहचान : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव व सांसद महेश कश्यप ने हल्बाकचौरा में लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसमें हल्बाकचौरा में मुख्यमंत्री सम्रग विकास योजना से 300 मीटर सीसी सडक लागत 10.40 लाख की राशि से विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। किरण देव ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद प्रदेश में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं देना हमारा दायित्व है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विकास की बयार बह रही है। वर्षों से मांग क्षेत्र की जनता का आज भूमिपूजन किया गया। सड़क,नाली,पेयजल, शिक्षा, विद्युत व अन्य सुविधाओं को पूरा करने का कार्य कर रहे हैं। सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। विकास अनवरत जारी रहेगा।




महेश कश्यप ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद विकास कार्य अनवरत जारी है। पूरे प्रदेश में विकास कार्य हो रहे हैं। सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। सरकार जनता के सभी मांगों को गारंटी के साथ पूरी कर रही है।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान विद्याशरण तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, जनपद सदस्य श्रीति शर्मा, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, संरपंच जयमनी कश्यप, प्रदीप देवांगन, राजेश शर्मा, हरि साहू, विनोद दुबे, पंकज सोनी, टुकमन, चमेली जिराम, सरिता साहू, पुनीत साहू, सुरेश ठाकुर एवं अन्य उपस्थित थे।

